

# सफलता की कहानी

प्रस्तुतकर्ता-

अंकुर जैन

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी



ग्राम पंचायत- मंजियाली
विकासखण्ड- नौगांव
जनपद उत्तरकाशी

ग्राम स्तरीय कोविड नियंत्रण समिति

- प्रधान- प्रकाश रावत
- ग्राम पंचायत विकास अधिकारी- अंकुर जैन
- ग्राम विकास अधिकारी- गजे सिंह राणा
- स0 अध्यापक- इशमपाल
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ती- भरोसी देवी
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ती- अंजू कोहली
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ती- किरन देवी
- आशा कार्यकर्ती- जगदम्बा देवी
- ग्राम प्रहरी-बचन लाल
- वन सरपंच-धनवीर सिंह

# ग्राम पंचायत में सेनेटाइजैसन एवं मास्क,सेनेटाइजर,ग्लब्स वितरण-

- कोविड 19 के संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थानों पर सोडियम हाइपो क्लोराइड का छिड़काव करवाया गया। ग्राम पंचायत में फ्रंटलाइन वर्कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ती बहनों एवं आशा कार्यकर्ती बहनों को मास्क, सेनेटाइजर,एवं हैंड ग्लब्स का वितरण किया गया ।





# कोविड नियंत्रण समिति का गठन-

- कोविड नियंत्रण समिति का गठन प्रधान जी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कोविड नियंत्रण समिति के द्वारा निभाये जाने वाले दायत्वो की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी द्वारा विस्तार से दी गयी।।



# जन जागरूकता कार्यक्रम-

- ग्राम पंचायत में लोगों को जागरूक करने के लिए बैठक के माध्यम से जानकारी दी गई। कोविड महामारी से कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में बताया गया। लोगों को घर घर जा कर आंगनवाडी एवं आशा कार्यकत्रियों द्वारा दवाईयों का वितरण एवं अन्य जानकारियां दी जा रही हैं






- ग्राम पंचायत में कोविड की रोकथाम हेतु समय समय पर सैंपलिंग करवाई गयी ताकि समय पर पॉजिटिव केस का पता चल सके एवं तत्काल प्रभावी उपचार उपलब्ध करवाया जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं समिति के सदस्यों द्वारा साथ मे लोगों के घर घर जा कर चिकित्सीय परीक्षण किया जा रहा है। जिससे गांव में वर्तमान में संक्रमण की दर शून्य है।





- ग्राम पंचायत में बाहर से आने वाले व्यक्तियों से संक्रमण न फैल सके इसके लिए अवैध रूप से गांव में घुसने वालों के लिए बैरिगेटिंग की गई। जिससे संक्रमण को रोकने में काफी सहयोग मिला।।



# क्वारेंटिन सेन्टर एवं डोर टू डोर सर्वे-

- ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय को क्वारेंटिन सेन्टर बनाया गया है जिसमे रहने की उचित व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्यों आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा वर्कर एवं अध्यापकगण द्वारा डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से सर्दी,खांसी एवं बुखार के लक्षण वाले व्यक्तियों की जानकारी ली जाती है ताकि समय पर संक्रमण का पता चल सके।





# पब्लिक इनफार्मेशन हेतु वाल पेंटिंग-

- सार्वजनिक स्थानों पर वाल पेंटिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।






- इस प्रकार विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर एवं आपसी सामंजस्य से हमने ग्राम पंचायत में कोविड संक्रमण के नियंत्रण में सफलता हासिल की है। ग्राम पंचायत में संक्रमण की दर शून्य होना इसका एक उदाहरण है। इस सफलता के लिए समिति के सभी सदस्यों अध्यापक गण, आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों एवं आशा कार्यकत्री का हार्दिक धन्यवाद।

**प्रकाश रावत**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- मंजियाली
विकासखण्ड-नौगांव

**अंकुर जैन**
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- मंजियाली
विकासखण्ड-नौगांव